झारखण्ड ट्राईबल डेवलपमेंट सोसाईटी
(कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार की इकाई)
झारखण्ड जनजातीय कल्याण शोध संस्थान परिसर, मोराबादी, राँची।
दूरभाष / फैक्स – 0651–2552088

झारखण्ड ट्राईबल डेवलपमेंट सोसाईटी (JTDS) के निदेशक मंडल की दिनांक 03/07/2018 को 2.00 बजे अपराह्न में सचिव, कल्याण विभाग –सह– अध्यक्ष, JTDS की अध्यक्षता में JTDS के सभागार में सम्पन्न बैठक की कार्यवाही :–

**बैठक में उपस्थिति :–**

1. श्रीमती हिमानी पाण्डे, भा०प्र०से०, सचिव, कल्याण विभाग –सह–अध्यक्ष, JTDS।
2. श्री गौरी शंकर मिंज, भा०प्र०से० आदिवासी कल्याण आयुक्त, कल्याण विभाग।
3. श्री राय महिमापत रे, भा०प्र०से० उपायुक्त, राँची।
4. श्री अमित कुमार, भा०प्र०से० उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम।
5. श्री जटा शंकर चौधरी, भा०प्र०से० उपायुक्त, सिमडेगा।
6. श्री राजीव कुमार, भा०प्र०से० उपायुक्त, लातेहार।
7. श्री रणेन्द्र कुमार, भा०प्र०से० निदेशक, डॉ० रामदयाल मुण्डा झारखण्ड जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, राँची।
8. श्री बबलु मुर्मू, परियोजना निदेशक, आई॰टी॰डी॰ए॰, साहेबगंज (प्रतिनिधि उपायुक्त, साहेबगंज)।
9. डॉ० सुभाष सिंह, संयुक्त कृषि निदेशक, कृषि विभाग, (प्रतिनिधि निदेशक, कृषि विभाग)
10. श्री डिलगा मुण्डा, सचिव, ग्राम सभा परियोजना क्रियान्वयन समिति, ग्राम– पड़गाँव, प्रखण्ड – कर्रा, जिला खूँटी (जनजातीय सदस्य)।
11. श्रीमती सुभद्रा देवी, अध्यक्ष, महिला स्वयं सहायता समूह, ग्राम – कुचरू, प्रखण्ड–तमाड़, जिला–राँची। (जनजातीय सदस्य)।
12. श्री भुजेन्द्र बास्की, राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड ट्राईबल डेवलपमेंट सोसाईटी, –सह– सदस्य सचिव।

दिनांक–03.07.2018 को सचिव, कल्याण विभाग–सह–अध्यक्ष JTDS की अध्यक्षता में निदेशक मण्डल (Board of Directors) की बैठक आयोजित की गई। राज्य परियोजना निदेशक, JTDS द्वारा Jharkhand Tribal Empowerment & Livelihoods Project (JTELP) परियोजना अन्तर्गत क्रियान्वित किए गए मुख्य विकास कार्यक्रमों पर गतिविधिवार तथा उक्त से आच्छादित परिवारों को प्राप्त हुए लाभ पर विस्तार पूर्वक प्रस्सतुतिकरण दिया गया। निदेश दिया गया कि परियोजना जिलों के सभी उपायुक्तों को परियोजना ग्राम की सूची, उन ग्रामों में क्रियान्वित किए गए कार्यो का सम्पूर्ण व्योरा, वित्तीय वर्ष 2018–19 में प्रस्तावित गतिविधियों तथा उनसे संबंधित Timeline अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दिया जाय। राज्य परियोजना निदेशक द्वारा निदेशक मंडल को विगत बैठक में निदेशित सभी बिन्दुओं के अनुपालन के संबंध में बताया गया जिसे निदेशक मंडल द्वारा सम्पुष्ट किया गया।

- सचिव, कल्याण विभाग–सह–अध्यक्ष, निदेशक मंडल द्वारा शेष बचे SHG का बैंक खाता यथाशीघ्र खुलवाने हेतु जुलाई'2018 माह के मासिक समीक्षा बैठक में एक माह का लक्ष्य तय करने हेतु निदेशित किया गया ताकि समयबद्ध तरीका से लक्ष्यों की प्राप्ति की जा सके। SHG का बैंक खाता खोलने हेतु जिला परियोजना प्रबंधक द्वारा जिला स्तरीय कार्य योजना बनाने पर बल दिया गया। साथ ही साथ SHG के Inter loaning को बढ़ावा देने के संबध में प्राथमिकता तय करने हेतु निदेश दिया गया।
- सचिव, कल्याण विभाग –सह– अध्यक्ष, निदेशक मंडल द्वारा निदेशित किया गया कि JTDS (SPMU) द्वारा प्रतिमाह आयोजित होने वाली मासिक समीक्षा बैठक में प्रत्येक जिला इकाई को दिए गए निदेश एवं समीक्षा

के दौरान पाए गए प्रत्येक बिन्दु से संबंधित कार्यवाही संबंधित उपायुक्तों को उपलब्ध करा दी जाए ताकि संबंधित उपायुक्तों द्वारा जिला स्तरीय प्रगति की विषयपरक समीक्षा की जा सके।

- राज्य परियोजना निदेशक द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि Enhancement of Livelihood through Livestock Intensification intervention के तहत् वित्तीय वर्ष 2016–17 में 1400 तथा 2017–18 में 5800 परिवारों को मुर्गी पालन, बकरी पालन एवं सुकर पालन हेतु शेड निर्माण कर प्रति परिवार 50–50 (दो चरणों में) मुर्गी, 6 बकरी तथा 6 सूकरों की आपूर्ति करते हुए आच्छादित किया गया है तथा वर्ष 2018–19 में 3500 परिवारों को आच्छादित करने का लक्ष्य है। इन पशुधन हेतु feed का भी प्रावधान रखा गया है। उक्त intervention के अन्तर्गत शेडों का निर्माण एवं पशुधन तथा इनके feed का क्रय ग्राम सभा परियोजना क्रियान्वयन समिति के द्वारा ही किया जा रहा है।
- उपायुक्त, लातेहार द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा मनिका प्रखंड का क्षेत्र भ्रमण किया गया एवं JTELP अंतर्गत निर्मित मुर्गी शेड का अवलोकन किया गया। उपायुक्त, लातेहार द्वारा बताया गया कि द्वितीय चरण में दिए जाने वाले बाकि बचे 50 चूजों को भी यथाशीघ्र उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है। उक्त के आलोक में राज्य परियोजना निदेशक द्वारा बताया गया कि राजकीय पाल्ट्री फार्म, होटवार तथा बिरसा कृषि विश्वविद्यालय से पर्याप्त मात्रा में चूजों की आपूर्ति संभव नहीं हो रही है अतः JTDS द्वारा अन्य स्थानों से भी Layer अथवा Croiler चूजों को उपलब्ध कराने हेतु प्रयास किया जा रहा है एवं इस संबंध में क्रय हेतु समग्र मार्गदर्शिका का निर्माण JTDS द्वारा किया जा रहा है।
- राज्य परियोजना निदेशक द्वारा निदेशक मंडल को बताया गया कि बकरी, सुकर एवं मुर्गी के उचित रख–रखाव एवं टीकाकरण तथा रोग से बचाव हेतु बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के माध्यम से 210 पशुमित्रों का दस दिवसीय प्रशिक्षण JTDS द्वारा आयोजित कराया जा रहा है, जिसके तहत् अबतक 150 पशुमित्रों का प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया गया है। परियोजना ग्रामों में पशु चिकित्सा हेतु प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी/TVO की सेवा यथासंभव ली जा रही है, परन्तु चिकित्सकों की कमी एवं उनके अन्य दायित्वों के कारण ससमय आवश्यकता के अनुसार चिकित्सा संभव नहीं हो पाती है। इस कार्य हेतु BAU से प्रशिक्षित पशुमित्रों के माध्यम से अपने–अपने संबंधित ग्रामों एवं पंचायतों में प्राथमिक उपचार एवं टीकाकरण का कार्य सम्पादित किया जा रहा है। जिला स्तर पर पशुपालन विभाग द्वारा समय–समय पर De-worming एवं Vaccination का अभियान/कार्यक्रम के अन्तर्गत JTELP क्षेत्र के ग्रामों को भी आच्छादित करने का आग्रह राज्य परियोजना निदेशक के द्वारा किया गया।
- उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम द्वारा JTELP परियोजना अन्तर्गत 180 Vegetable Clusters के 9000 लाभुकों को कृषि विभाग द्वारा चलाए जा रहे योजनान्तर्गत vermi-compost इकाई का लाभ दिये जाने की तरफ ध्यान आकृष्ट किया जाय। इस संबंध में जिला परियोजना प्रबंधक जिला स्तर में जिला उद्यान पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर इस लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं।
- राज्य परियोजना निदेशक द्वारा निदेशक मण्डल को जानकारी दी गई कि वित्तीय वर्ष 2017–18 में परियोजना द्वारा 20000 परिवारों के साथ Nutrition Garden का कार्य किया गया है। इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत परिवारों के खान–पान की पद्यति में Nutrition Garden के माध्यम से minerals & vitamins का समावेश सुनिश्चि करना है, ताकि उक्त परिवारों के महिलाओं एवं शिशु के स्वास्थ्य एवं पोषण स्थिति में गुणात्मक सुधार हो सके। इस संबंध में परियोजा द्वारा आच्छादित परिवारों के महिलाओं एवं शिशुओं का एनिमिया एवं कुपोषण संबंधित आंकाड़ों का sample basis पर संग्रहण किया जाय, ताकि नियत समय पश्चात् Nutrition Garden के माध्यम से होने वाले स्वास्थ्य एवं पोषण के स्तर में बदलाव की स्थिति का तुलनात्मक अद्ययन किया जा सके। राज्य परियोजना निदेशक द्वारा यह भी बताया गया कि वर्ष 2018–19 में Nutrition garden Intermention से कुल 48000 परिवारों को आच्छादित करने का प्रसताव है एवं उक्त संबंधित कार्यों की शुरूआत कर दी गई है।

- राज्य परियोजना निदेशक द्वारा JTELP परियोजना अन्तर्गत निर्मित "किसान सेवा केन्द्र" एवं उनमें उपलब्ध कराए गए कृषि उपकरणों के बारे में जानकारी दी गई। सचिव, कल्याण विभाग –सह– अध्यक्ष, निदेशक मंडल द्वारा सुझाव दिया गया कि यह सुनिश्चित किया जाय कि अधिक से अधिक कृषक/लाभुक किसान सेवा केन्द्र में उपलब्ध कराए गए कृषि उपकरणों के इस्तेमाल कर सके। उक्त के संबंध में राज्य परियोजना निदेशक द्वारा बताया गया कि उपकरणों के रख–रखाव एवं संचालन के लिए मार्गदर्शिका प्रत्येक "किसान सेवा केन्द्र" में उपलब्ध कराई गई है। इस क्रम में सचिव, कल्याण विभाग –सह– अध्यक्ष, निदेशक मंडल द्वारा निदेश दिया गया कि "किसान सेवा केन्द्र" की सूची संबंधित उपायुक्तों को भी उपलब्ध करा दी जाए।
- राज्य परियोजना निदेशक द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2018–19 में 155 एकड़ में पपीता (Red Lady) की खेती प्रस्तावित है। प्रथम चरण में खूँटी जिला के कर्रा प्रखण्ड में 5 एकड़ जमीन में पपीता का पौधा रोपण किया गया है एवं दुमका जिला में 5 एकड़ में पौधा रोपण हेतु तैयारी कर ली गयी है। निदेशित किया गया कि शेष 145 एकड़ जमीन पर प्रस्तावित पपीता की खेती से संबंधित ग्रामों की सूची भी संबंधित उपायुक्तों को उपलब्ध करा दी जाय ताकि कार्य प्रगति की समीक्षा जिला स्तर पर सुनिश्चित किया जा सके।
- राज्य परियोजना निदेशक द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2018–19 में 1,000 Improved Cook Stoves आदिवासी/PVTG लाभुकों को Sardar Patel Renewable Energy Research Institute (SPRERI) के सहयोग से देने की योजना है। उपायुक्त, राँची द्वारा बताया गया कि प्रधान मंत्री उज्जवला योजना का क्रियान्वयन भी किया जा रहा है। उज्जवला योजना की पहुँच जिस क्षेत्र में कम है अथवा जहाँ सिलेंडर के क्रय एवं आपूर्ति में परेशानी आ रही है उन क्षेत्रों के लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर Improved Cook Stoves दिया जाए। इसके अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक द्वारा यह भी बताया गया कि परियोजना ग्रामों में 20 Bio Gas Plants का अधिष्ठापन Punjab Agricultural University के सहयोग से किया जा रहा है जिस हेतु एकरारनामा कर लिया गया है।
- सचिव, कल्याण विभाग –सह– अध्यक्ष, निदेशक मंडल द्वारा निदेश दिया गया कि JTDS के राज्य स्तर पर प्रतिमाह होने वाली परियोजना जिलों की समीक्षा बैठक की कार्यवाही से उक्त जिला हेतु निदेशित बिन्दुओं को संबंधित जिलों के उपायुक्त को भी अवगत कराया जाए। जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में प्रगति की समीक्षा की जाए एवं समीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण बिन्दुओं से संबंधित तथ्यों से जुड़ी कार्यवाही की प्रति राज्य परियोजना निदेशक को भी उपलब्ध कर ली जाय।
- बैठक के दौरान श्री डिलगा मुण्डा, सचिव, ग्राम सभा कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति, ग्राम–पड़गाँव, प्रखण्ड–कर्रा, जिला खूँटी द्वारा निदेशक मंडल को बताया गया कि JTELP परियोजना के माध्यम से क्रियान्वित की जा रही गतिविधियों यथा किसान सेवा केन्द्र, तालाब, डोभा, सब्जी क्लस्टर, पोषण वाटिका एवं मुर्गी पालन/मुर्गी शेड इत्यादि का लाभ सीधे तौर पर ग्रामीणों को प्राप्त हो रहा है जिससे ग्रामीण काफी खुश हैं।
- श्रीमती सुभद्रा देवी, अध्यक्ष, महिला स्वयं सहायता समूह, ग्राम–कुचरू, प्रखण्ड–तमाड़, जिला–राँची द्वारा निदेशक मंडल को बताया गया कि उनके गाँव में JTELP परियोजना के तहत् 100 मुर्गी शेड का निर्माण कार्य चल रहा है, जबकि पूर्व में एक किसान सेवा केन्द्र, डोभा, तालाब, सब्जी क्लस्टर तथा पोषण वाटिका का कार्य भी हुआ है, इसके साथ ही समूह में मुर्गी पालन एवं बकरी पालन का कार्य भी किया जा रहा है। इन गतिविधियों से ग्रामीणों को लाभ मिल रहा है। ग्राम में निर्मित पोखर के संबंध में उन्होंने बताया कि पोखर के पानी से अगल–बगल वाले किसानों द्वारा पटवन कर लाभ लिया गया, परन्तु जिसकी जमीन पर पोखर खोदा गया है, उनके द्वारा मत्स्य पालन हुआ था तथा उसके लाभ का उपभोग भी जमीन मालिक के द्वारा किया गया। सचिव, कल्याण विभाग –सह– अध्यक्ष के द्वारा परियोजना निदेशक को निदेशित किया गया कि मत्स्य पालन के संबंध में उचित दिशा निर्देश निर्गत करें। परियोजना निदेशक के द्वारा बताया गया कि JTELP द्वारा निर्मित सभी तालाबों में मत्स्य पालन SHG एवं युवा समूह के सदस्यों के द्वारा किया जाएगा। एतद संबंधी दिशा निर्देश जारी कर दिया गया है, तालाब में मत्स्य पालन से होने वाले लाभ का बँटवारा ग्राम

सभा द्वारा निर्धारित हिस्सेदारी की दर के आधार पर किया जाएगा। श्रीमती सुभद्रा देवी द्वारा निदेशक मंडल के समक्ष कुचरू ग्राम में पक्का सम्पर्क सड़क नहीं होने की बात रखी गई एवं सड़क बनवाने हेतु सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया गया। सचिव, कल्याण विभाग –सह– अध्यक्ष, JTDS द्वारा उपायुक्त, राँची को इस पर कार्रवाई करने हेतु कहा गया।

**प्रस्ताव संख्या : 01**

वित्तीय वर्ष 2017–18 के दौरान JTELP अंतर्गत किए गए कार्यों से संबंधित प्रगति प्रतिवेदन।

**पारित प्रस्ताव संख्या : 01**

निदेशक मंडल द्वारा वित्तीय वर्ष 2017–18 के दौरान JTELP अर्न्तगत सरकार द्वारा जे.टी.डी.एस. को प्रदत SCA to TSP एवं Article 275 (1) मद से निर्गत राशि से क्रियान्वित किए जा रहे विभिन्न योजनाओं यथा आय सृजन, भूमि एवं जल प्रबंधन, सिंचाई कृषि एवं पशुधन विकास की प्रगति पर समीक्षा की गई एवं संतोष व्यक्त किया गया।

**कार्यावली / प्रस्ताव संख्या : 02**

वित्तीय वर्ष 2017–18 की वार्षिक कार्य योजना एवं बजट एवं Procurement Plan पर घटनोत्तर स्वीकृति।

**पारित प्रस्ताव संख्या : 02**

वार्षिक कार्य–योजना एवं बजट 2017–18 एवं Procurement Plan पर निदेशक मंडल द्वारा चर्चा उपरान्त सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

**कार्यावली / प्रस्ताव संख्या : 03**

वित्तीय वर्ष 2018–19 की वार्षिक कार्य योजना एवं बजट एवं Procurement Plan पर घटनोत्तर स्वीकृति।

**पारित प्रस्ताव संख्या : 03**

वार्षिक कार्य–योजना एवं बजट 2018–19 एवं Procurement Plan पर निदेशक मंडल द्वारा चर्चा उपरान्त सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

**कार्यावली / प्रस्ताव संख्या : 04**

वित्तीय वर्ष 2017–18 में JTELP अन्तर्गत SCA to TSP एवं Article 275 (1) के विरुद्ध समर्पित कार्य योजना प्रस्ताव पर घटनोत्तर स्वीकृति।

**पारित प्रस्ताव संख्या : 04**

वित्तीय वर्ष 2017–18 में JTELP अन्तर्गत SCA to TSP एवं Article 275 (1) के विरुद्ध समर्पित कार्य योजना प्रस्ताव पर निदेशक मंडल द्वारा चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

**कार्यावली / प्रस्ताव संख्या : 05**

वित्तीय वर्ष 2018–19 में JTELP अन्तर्गत SCA to TSP एवं CCD के विरुद्ध समर्पित कार्य योजना प्रस्ताव पर घटनोत्तर स्वीकृति।

**पारित प्रस्ताव संख्या : 05**

वित्तीय वर्ष 2018–19 में JTELP अन्तर्गत SCA to TSP एवं CCD के विरुद्ध समर्पित कार्य योजना प्रस्ताव पर निदेशक मंडल द्वारा चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

**कार्यावली / प्रस्ताव संख्या : 06**

JTELP अर्न्तगत रिक्त पदों पर वित्तीय वर्ष 2017–18 के दौरान की गयी नियुक्ति के आलोक में पदवार मेधा सूची पर घटनोत्तर स्वीकृति।

**पारित प्रस्ताव संख्या : 06**

प्रस्ताव पर निदेशक मंडल द्वारा सर्वसम्मति से घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।

कार्यावली / प्रस्ताव संख्या : 07

JTELP अर्न्तगत अनगड़ा (राँची) एवं गोईलकेरा (प0 सिंहभूम) प्रखंडों में कार्य करने हेतु क्रमशः रामकृष्ण मिशन आश्रम, राँची एवं टाटा स्टील रूरल डेवलपमेन्ट सोसाईटी, जमशेदपुर को FNGO के तौर पर कार्य करने हेतु अधिकृत करने एवं उनके साथ किए गए एकरारनामा (Agreement) पर घटनोत्तर स्वीकृति।

पारित प्रस्ताव संख्या : 07

प्रस्ताव पर निदेशक मंडल द्वारा सर्वसम्मति से घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।

कार्यावली / प्रस्ताव संख्या : 08

THP (Targeting Hardcore Poor) गतिविधि के क्रियान्वयन हेतु Bandhan (Kon Nagar) एवं J-PAL संस्थाओं के साथ एकरारनामा करने हेतु स्वीकृति।

पारित प्रस्ताव संख्या : 08

प्रस्ताव पर निदेशक मंडल द्वारा सर्वसम्मति से इस आशय के साथ स्वीकृति प्रदान की गई कि राज्य सरकार से संकल्प जारी होने के उपरांत एकरारनामा हस्ताक्षरित कर ली जाए।

कार्यावली / प्रस्ताव संख्या : 09

IFAD के Mid Term Review Mission की अनुशंसा के आलोक में मनरेगा आयुक्त, मिशन निदेशक, NRLM, निदेशक, पशुपालन विभाग एवं निदेशक, मत्स्य विभाग को निदेशक मंडल में बतौर सदस्य शामिल करने पर निर्णय लिया गया।

पारित प्रस्ताव संख्या : 09

प्रस्ताव पर निदेशक मंडल द्वारा चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही निदेशक, बागवानी को भी विशेष आमंत्रित सदस्य के तौर पर निदेशक मंडल की बैठक में बुलाने का निर्णय लिया गया।

कार्यावली / प्रस्ताव संख्या : 10

भण्डरा प्रखंड, लोहदगा हेतु FNGO के चयन के संबंध में।

पारित प्रस्ताव संख्या : 10

प्रस्ताव पर निदेशक मंडल द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

कार्यावली / प्रस्ताव संख्या : 11

Documentation Officer की Salary, Qualification एवं Experience में बदलाव के संबंध में।

पारित प्रस्ताव संख्या : 11

Documentation Officer के रिक्त पद पर उपयुक्त उम्मीदवार के चयन हेतु Salary, Qualification एवं Experience में बदलाव के संबंध में निदेशक मंडल द्वारा चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया कि Qualification को Full Time 2 years PG Degree Course or 2 years Full Time Diploma (Equivalent to PG Degree) को ही Consider किया जाए तथा Minimum experience 5 years रखा जाय। साथ ही वेतन रू. 36,000/– (छत्तीस हजार रूपये) मात्र प्रतिमाह निर्धारित करने का निर्णय लिया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि वर्त्तमान में विज्ञापित Documentation Officer के पद हेतु जो आवेदन आमंत्रित किए गए हैं उसमें योग्य उम्मीदवार नहीं पाए जाने पर ही पुनः विज्ञापन निकालकर नए Salary, Qualification एवं Experience अनुरूप इस पद पर नियुक्ति की जाए।

कार्यावली / प्रस्ताव संख्या : 12

(i) JTDS कर्मियों के Mediclaim की वर्त्तमान Coverage सीमा बढ़ाने के संबंध में।

(ii) श्री मनोज सिन्हा, अपर परियोनजा निदेशक के किडनी रोग के उपचार एवं शल्य चिकित्सा हेतु पूर्व सचिव, कल्याण विभाग–सह–अध्यक्ष निदेशक मंडल JTDS द्वारा उनके Mediclaim के Coverage की सीमा बढ़ाने पर प्रदत अनुमोदन पर घटनोत्तर स्वीकृति के संबंध में।

पारित प्रस्ताव संख्या : 12

निदेशक मंडल द्वारा इन विषयों को लंबित रखने का निर्णय लिया गया।

कार्यावली / प्रस्ताव संख्या : 13

अन्य बिन्दु अध्यक्ष की सहमति से।

TSA-Livestock के चयन के संबंध में।

पारित प्रस्ताव संख्या : 13

प्रस्ताव पर निदेशक मंडल द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

(भुजेन्द्र बास्की)
सदस्य सचिव
–सह–
राज्य परियोजना निदेशक,
जे॰टी॰डी॰एस॰

(हिमानी पाण्डे)
सरकार के सचिव, कल्याण विभाग
–सह–
अध्यक्ष, जे॰टी॰डी॰एस॰

ज्ञापांक JTDS/2018/07A                                  राँची, दिनांक 03/8/18

प्रतिलिपिः सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(भुजेन्द्र बास्की)
सदस्य सचिव
–सह–
राज्य परियोजना निदेशक,
जे॰टी॰डी॰एस॰